सीसीटीएनएस/महत्वपूर्ण

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

**महानगर, लखनऊ–226006**

पत्रॉकः टीएस–सीसीटीएनएस–04/2010(II) दिनांकःजनवरी 17, 2019

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन/रेलवे, उत्तर प्रदेश।
पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
पुलिस अधीक्षक, रेलवे, समस्त अनुभाग, उत्तर प्रदेश।
वरिष्ठ/ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ/ एसआईटी, उ0प्र0 लखनऊ।
जोन कोऑर्डिनेटर/ परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर/ जनपद कोऑर्डिनेटर, समस्त उत्तर प्रदेश।

**विषयः** **उत्तर प्रदेश के थानों व कार्यालयों में उपलब्ध डेस्कटॉप कम्प्यूटर/ लेपटॉप व कार्मिकों द्वारा प्रयोग किये जा रहे मोबाइल पर हिन्दी टाइपिंग हेतु दिग्दर्शिका का उपयोग किये जाने के संबंध में।**

-----

कृपया अवगत कराना है कि जनपदों के थानों व कार्यालयों में कार्यरत पुलिस कार्मिकों व विवेचकों को डेस्कटॉप कम्प्यूटर/ लेपटॉप व कार्मिकों द्वारा प्रयोग किये जा रहे मोबाइल पर मंगल फॉण्ट में हिन्दी टाइप करने में असुविधा होती है। हिन्दी टाइपिंग की समस्या के निराकरण हेतु दिग्दर्शिका तैयार कराई गयी है जिसमें वर्णित तथ्यों का अनुसरण करते हुए हिन्दी टाइपिंग की जा सकती है।

2– अतः उत्तर प्रदेश के थानों व कार्यालयों में उपलब्ध डेस्कटॉप कम्प्यूटर/ लेपटॉप व कार्मिकों द्वारा प्रयोग किये जा रहे मोबाइल पर हिन्दी टाइपिंग हेतु दिग्दर्शिका का उपयोग करने हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित करें, ताकि पुलिस कार्मिकों द्वारा आधुनिक सुविधा का लाभ प्राप्त किया जा सके।

**संलग्नकःयथोपरि।**

17/1

**(आशुतोष पाण्डेय)**
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ

प्रतिलिपिः– श्री दिग्विजय सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि वह प्रदेश के समस्म कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यू मेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

# CCTNS सम्बंधित कार्यों में हिंदी टंकण

- सामान्यतः विवेचकों एवं CCTNS में कर्यरत नागरिक पुलिस कर्मियों द्वारा डेस्कटॉप/लैपटॉप अथवा मोबाइल पर मंगल फॉण्ट में हिंदी टाइप करना असुविधाजनक पाया गया है | इस परिस्थिति में कुछ सामान्य तरीके अपनाकर, आसानी से मंगल फॉण्ट में हिंदी टाइप किया जा सकता है | इसके लिए कुछ उपाय निम्नवत हैं:
- डेस्कटॉप/लैपटॉप पर हिंदी टंकण
  - ✓ गूगल हिंदी इनपुट टूल
  - ✓ गूगल ट्रांसलेट
  - ✓ गूगल डॉक
  - ✓ क्रुतिदेव से मंगल में बदलने वाले वेब पेज
- मोबाइल पर हिंदी टंकण
  - ✓ गूगल डॉक
  - ✓ WPS ऑफिस टूल
  - ✓ गूगल हिंदी इनपुट टूल

# डेस्कटॉप/लैपटॉप पर हिंदी टंकण

**गूगल हिंदी इनपुट टूल (https://www.google.com/inputtools/)**

- यह एक उपयोगी टूल है जिसके माध्यम से नोटपैड, वर्ड, एक्सेल अथवा किसी भी जगह हिंदी में टंकण किया जा सकता है ।
- गूगल के माध्यम से सेटअप डाउनलोड कर, लैपटॉप/डेस्कटॉप पर install किया जा सकता है ।
- जब भी टाइप करना हो, विंडो बटन के साथ स्पेस बटन दबाकर, भाषा का चयन कर टंकण किया जा सकता है और इसका टूलबॉक्स प्रदर्शित होने लगता है ।
- एक बार install करने के बाद, फिर Internet की आवश्यकता नहीं होती है ।





- यहाँ टंकण करते समय हिंट/सुझाव भी प्रदर्शित होते हैं ।



# **डेस्कटॉप/लैपटॉप पर हिंदी टंकण**


**गूगल ट्रांसलेट (https://translate.google.co.in/)**

➢ डेस्कटॉप/लैपटॉप में माइक्रोफोन अथवा हेडफोन लगाकर, इन्टरनेट से जड़ने के बाद, किसी भी वेब ब्राउज़र में एड्रेस बार में https://translate.google.co.in/ लिखकर **"गूगल ट्रांसलेट"** खोला जा सकता है जिसका मुख्य पृष्ठ निम्नवत है:




➢ यहाँ बायीं तरफ अंग्रेजी भाषा एवं दाहिनी तरफ हिंदी चुनकर, बायीं तरफ अंग्रेजी में जो भी यथार्थ शब्द या वाक्य लिखेंगे, उसका हिंदी रूपांतरण, दाहिनी तरफ दिखाई डेटा है जिसे कॉपी कर नोटपैड, वर्ड अथवा एक्सेल फाइल में पेस्ट किया जा सकता है |

➢ इसका प्रयोग करने के लिए Internet की उपलब्धता आवश्यक है |





स्पीकर के चिहन पर क्लिक करने पर यह बोलकर उस शब्द या वाक्य को सुनाता है, यदि स्पीकर जुड़ा हो |

# <u>डेस्कटॉप/लैपटॉप पर हिंदी टंकण</u>

**गूगल डॉक (https://docs.google.com/)**

- डेस्कटॉप/लैपटॉप में माइक्रोफोन अथवा हेडफोन लगाकर, इन्टरनेट से जुड़ने के बाद, किसी भी वेब ब्राउज़र में एड्रेस बार में https://docs.google.co.in/ लिखकर **"गूगल डॉक"** खोला जा सकता है जिसका मुख्य पृष्ठ निम्नवत है:



- इसके लिए गूगल/Gmail की ID की आवश्यकता होती है |


- “TOOLS” मेनू में “VOICE TYPING” पर क्लिक करने से बायीं तरफ माइक का चित्र बन जायेगा |

- चित्र के ऊपर बने भाषा टैब से “हिंदी” भाषा चुनना होगा |

- माइक्रोफोन अथवा हेडफोन लगाकर, माइक के चित्र पर क्लिक करें |

- माइक का रंग बदलकर लाल हो जायेगा | 

- यहाँ टाइप किया गया दस्तावेज, स्वयं ही गूगल ड्राइव में SAVE, सुरक्षित होता रहता है |



# <u>डेस्कटॉप/लैपटॉप पर हिंदी टंकण</u>

**क्रुतिदेव से मंगल में बदलने वाले वेब पेज**


(https://unicode-to-krutidev-to-unicode.blogspot.com/)

- थानों एवं कार्यालयों में जिन लोगों को क्रुतिदेव में टाइप करने आता है परन्तु मंगल में नहीं कर पाते, उनके लिए इस तरह के वेबसाइट कारगर साबित हो सकते हैं |
- वे क्रुतिदेव में टाइप कर, उसे कॉपी कर "क्रुतिदेव०१०" के सामने बने बॉक्स में पेस्ट कर दें | "नीचे की ओर तीर" पर क्लिक कर यूनिकोड (मंगल) में text बदल जायेगा जिसे वंचित जगह पर पेस्ट किया जा सकता है |




# <u>मोबाइल पर हिंदी टंकण</u>

गूगल डॉक





- सर्वप्रथम एंड्राइड मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से “GOOGLE DOCS” एप डाउनलोड एवं इंस्टॉल करें |
- इंस्टाल करने के उपरांत आपके मोबाइल के मुख्य स्क्रीन पर “docs” आइकॉन दिखाई देने लगेगा | इस एप को खोलें |






- यहाँ टाइप किया गया दस्तावेज, स्वयं ही गूगल ड्राइव में SAVE, सुरक्षित होता रहता है |
- इस पर कार्य करने के लिए Internet, On रखना जरुरी नहीं है | कार्य करने के बाद जब भी इन्टरनेट से जुड़ते हैं, आपका दस्तावेज, गूगल ड्राइव में सुरक्षित हो जाता है |
- खुलने के बाद यह आपके, अभी खोले गए दस्तावेज/फाइल दिखाता है | इनमें से किसी को खोलना हो तो उसे चुन लें |
- यदि कोई नया फाइल बनाना हो तो **“+”** चिह्न को चुनें |

➢ अगली स्क्रीन में निचे बने “New document” को चुनें |


➢ बोलकर लिखने के लिए माइक के चिहन को चुनें | माइक चुनने पर बड़ा माइक दिखने लगेगा |







- “Tap to speak” चुनने पर माइक नील रंग का हो जायेगा और “”Speak now” मैसेज दिखने लगेगा |
- जैसे ही आप बोलना शुरू करेंगे, शब्द लिखना शुरू हो जायेगा और टाइपिंग रोकने के लिए “Tap to pause” मैसेज दिखने लगेगा |



➢ भाषा बदलने के लिए माइक के बायीं तरफ बने आइकॉन को चुने | खुले हुए स्क्रीन में सबसे ऊपर दिख रहे “Languages” को चुनें |

➢ लिस्ट में से “हिंदी (भारत)” को चुनें और “English” हटा दें | अब जो भी बोलेंगे/टाइप करेंगे, वह हिंदी में आयेगा | पुनः English में टाइप करना हो तो यही प्रक्रिया दोहराएंगे |



<u>**मोबाइल पर हिंदी टंकण**</u>

WPS ऑफिस टूल




- सर्वप्रथम एंड्राइड मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से “WPS Office” एप डाउनलोड एवं इंस्टॉल करें |

- आपके मोबाइल के मुख्य स्क्रीन पर “WPS Office” एप का आइकॉन दिखने लगेगा | इस एप को खोलें |

- एप को खोलने पर यह पूछता है कि किस तरह की फाइल/दस्तावेज बनाना है |


- कई दस्तावेज को स्कैन करना हो तो “New Scan” चुनें | दस्तावेज को स्कैन करने के लिए CamScanner, FastScanner आदि भी उपयोगी एप हैं |

- यदि केवल नोटबुक की तरह वाक्य लिखना हो तो “New Memo” चुनें |


- यदि सारणी के रूप में डाटा रखना हो तो “New Spreadsheet” चुनें |

- यदि कोई प्रेजेंटेशन बनाना हो तो “New Presentation” चुनें |

- यदि formatting के साथ वाक्य लिखने हों तो “New Document” चुनें |




- “New Document” चुनने पर एप रीसेंट फाइल दिखाता है | इनमें से न चुनकर नया बनाना हो तो **“+”** को चुनें |
- बोलकर लिखने के लिए माइक के चिह्न को चुनें | माइक चुनने पर बड़ा माइक दिखने लगेगा |




➢ “Tap to speak” चुनने पर माइक नील रंग का हो जायेगा और “”Speak now” मैसेज दिखने लगेगा |

➢ जैसे ही आप बोलना शुरू करेंगे, शब्द लिखना शुरू हो जायेगा और टाइपिंग रोकने के लिए  “Tap to pause” मैसेज दिखने लगेगा |




➢ भाषा बदलने के लिए माइक के बायीं तरफ बने आइकॉन को चुने | खुले हुए स्क्रीन में सबसे ऊपर दिख रहे “Languages” को चुनें |

➢ लिस्ट में से “हिंदी (भारत)” को चुनें और “English” हटा दें | अब जो भी बोलेंगे/टाइप करेंगे, वह हिंदी में आयेगा | पुनः English में टाइप करना हो तो यही प्रक्रिया दोहराएंगे |



➢ जब पहली बार Save/सुरक्षित करना चाहेंगे, एप पूछेगा, कहाँ रखना चाहते है जैसे फ़ोन में मनचाही जगह/फोल्डर में, मेमोरी कार्ड में अथवा पूर्व निर्धारित जगह “My Documents” में | निश्चय कर “Save” को चुनें | नाम प्रदान कर पुनः “Save” को चुनें |


➢ जब एक बार नाम से सुरक्षित कर देंगे तब बायीं तरफ सबसे ऊपर बने चिह्न को चुनें |




# मोबाइल पर हिंदी टंकण

गूगल हिंदी इनपुट टूल (Google Indic Keyboard)

- सर्वप्रथम एंड्राइड मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से “Google Indic Keyboard” एप डाउनलोड एवं इंस्टॉल करें |




3:35 PM
All set!
You can set additional languages
3:35 PM
Choose your theme
GET STARTED
3:36 PM
Google Indic Keyboard Sett...
Select input language
Input
Keyboard
Handwriting
Dictionary
Others

➢ यह एक उपयोगी टूल है जो keyboard में जुड़ जाता है और हर एप में टाइप करने के लिए उपलब्ध रहता है |





➢ आप जब चाहें हिंदी या अंग्रेजी keyboard चुन सकते हैं |


➢ इसके माध्यम से निम्न 03 प्रकार से टाइप किया जा सकता है:

1. English के अक्षर से हिंदी बनाना जैसे yahan → यहाँ
2. सीधे हिंदी में टाइप करना
3. बोलकर टाइप करना

**English के अक्षर से हिंदी बनाना जैसे yahan → यहाँ**



# सीधे हिंदी में टाइप करना




# बोलकर टाइप करना



3:37 PM
New message
TO
Type message
abc
अ
likhen → लिखें
लिखें
लिखें




3:37 PM
New message
TO
हेलो
abc
अ
1 2 3 4 5 6 7 8 9 0
q w e r t y u i o p
a s d f g h j k l
z x c v b n m
?123


4:16 PM
New message
TO
Type message
Tap to speak
Google
4:16 PM
New message
TO
Type message
Speak now
Google
4:16 PM
New message
TO
Type message
Tap to pause
Google

--धन्यवाद--